दिनांकः 30.03.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–पश्चिम एशिया संकट के बीच फंसे भारतीयों की सुरक्षा केन्द्र सरकार के लिए सर्वोपरिं
- प्रदेश में अब तक 5 करोड़ 43 लाख से ज्यादा आभा आईडी से जुड़े इलैक्ट्रोनिक हेल्थ रिकॉर्ड तैयार किये गयें
- महावीर जयंती का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है–अनेक स्थानों पर रथ यात्राओं और प्रभात फेरियों के आयोजनं
- प्रदेश में आज और कल पश्चिमी विक्षोभ का सबसे ज्यादा असर रहने की संभावना–सातों संभागों में गरज के साथ आंधी–बारिश के आसारं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के बीच केंद्र सरकार ने संघर्षरत क्षेत्रों में फंसे भारतीयों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी हैं श्री मोदी कल केरलम में एक जनसभा में बोल रहे थें इस दौरान उन्होंने पश्चिम एशिया संघर्ष पर सरकार के नजरिये का जिक्र कियां

................

000

केन्द्र सरकार ने एक राजपत्रित अधिसूचना जारी कर 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में उच्च गुणवत्ता वाले केरोसिन वितरण की अनुमति दी हैं सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत यह निर्णय लिया गया हैं इसमें दुनियाभर में ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित कर रही भू–राजनीतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखा गया हैं इसका उद्देश्य उन क्षेत्रों में खाना पकाने और प्रकाश व्यवस्था की जरूरतों को पूरा करना है, जहां सामान्य परिस्थितियों में केरोसिन का उपयोग बंद कर दिया गया थां इस अधिसूचना के अनुसार, हर जिले में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के स्वामित्व वाले अधिकतम दो ईंधन स्टेशन पांच हजार लीटर तक केरोसिन का भंडारण कर सकते हैं यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है और 60 दिनों तक या अगले आदेश तक वैध रहेगीं

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सरकार तीर्थ स्थलों के संरक्षण और विकास के लिए लगातार काम कर रही हैं श्री शर्मा कल जयपुर में संत संसद कार्यक्रम में बोल रहे थें उन्होंने कहा कि पूंछरी का लौठा, खाटूश्याम जी और तीर्थराज पुष्कर सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों के विकास के लिए रोडमैप बनाकर काम किया जा रहा हैं राजकीय मंदिरों में सालभर उत्सवों के आयोजनों के लिए वित्तीय स्वीकृतियां भी जारी की गई हैं साथ ही गौ संरक्षण और संवर्धन के लिए भी सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं

..............

000

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण को आगे बढ़ाया जा रहा हैं चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि राज्य के 19 हजार से ज्यादा सरकारी संस्थानों और 24 हजार से अधिक निजी स्वास्थ्य संस्थानों का पंजीकरण किया जा चुका हैं साथ ही 85 हजार से अधिक सरकारी डॉक्टरों, नर्सों और फार्मासिस्ट तथा निजी क्षेत्र के 16 हजार से अधिक स्वास्थ्यर्मियों का पंजीकरण किया जा चुका हैं ये काम आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत किया गया हैं उन्होंने बताया कि इससे अस्पतालों में मरीजों के रजिस्ट्रेशन से लेकर इलाज, फार्मेसी और लैब रिपोर्ट की सभी प्रक्रियाओं को एक ही प्लेटफॉर्म पर लाया जा रहा हैं इससे लोगों को अपना हेल्थ रिकॉर्ड मोबाइल पर उपलब्ध हो रहा हैं उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 6 करोड़ 82 लाख से अधिक लोगों की आभा आईडी बनाई जा चुकी हैं वहीं 5 करोड़ 43 लाख से अधिक आभा आईडी से जुड़े इलैक्ट्रोनिक हेल्थ रिकॉर्ड तैयार किये जा चुके हैं

000

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मोत्सव आज महावीर जयंती के रूप में मनाया जा रहा हैं कुछ स्थानों पर ये पर्व कल भी मनाया जाएगां ये पर्व सत्य, अहिंसा और मानवता का संदेश देता हैं भगवान महावीर स्वामी ने अहिंसा परमो धर्म, जीयो और जीने दो तथा अपरिगृह सहित अनेक पवित्र संदेश दियें महावीर जयंती के पावन दिन पर जैन मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया हैं भगवान महावीर की प्रतिमा का अभिषेक कर रथ यात्राएं और प्रभात फेरियां निकाली जा रही हैं इसी कड़ी में करौली स्थित श्रीमहावीर जी में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा हैं बारां और भरतपुर में शहर के प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा निकाली जा रही है और कलश अभिषेक किया जा रहा हैं उधर, पाली में भगवान महावीर के जन्म कल्याण महोत्सव के मौके पर आज से दो दिन के विशेष आयोजन हो रहे हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि रणकपुर में बड़ी संख्या में देश–विदेश से जैन धर्मावलंबी पहुंचे हैं

..............

000

जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यात्रियों की सुविधा के लिए '**उड़ान यात्री कैफे**' की शुरुआत की गई हैं इसमें मात्र 10 रुपये में नाश्ता उपलब्ध करवाया जाएगां केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने कल इसका वर्चुअल उद्घाटन कियां एयरपोर्ट के टर्मिनल–2 के प्री–चेक–इन प्रस्थान क्षेत्र में शुरू किए गए इस कैफे में यात्रियों को पानी, चाय, कॉफी, स्नैक्स सहित अन्य खाने–पीने की चीजें किफायती दरों पर उपलब्ध होंगीं इस पहल का उद्देश्य हवाई यात्रा को आम और मध्यम वर्ग के लिए अधिक सुलभ और किफायती बनाना हैं केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 'उड़ान यात्री कैफे' सरकार की उस सोच का हिस्सा है, जिसके तहत हवाई यात्रा को आसान और सभी वर्गों के लिए सुलभ बनाया जा रहा हैं उन्होंने कहा कि किफायती दरों पर आवश्यक खाद्य और पेय पदार्थ उपलब्ध कराकर यह पहल यात्रियों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करेगीं

000

जैसलमेर में जमीनों और सम्पत्तियों के प्रबंधन को हाईटैक बनाने के लिए नक्शा पायलट प्रोग्राम चलाया जा रहा हैं नगर परिषद् की ओर से आज से डिजिटल लैंड रिकॉर्ड तैयार करने का अभियान शुरू किया जा रहा हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्र में भूमि उपयोग और मालिकाना हक की जानकारी को एकीकृत करना हैं

...............

000

राज्य में बीते 24 घंटों में कई जगह पर बादल छाये रहे और श्रीगंगानगर सहित कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई बादलों की आवाजाही के कारण दिन के तापमान में गिरावट और रात के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई मौसम विभाग के अनुसार सीकर के फतेहपुर में रात के तापमान में करीब 9 डिग्री का उछाल दर्ज किया गयां वहीं 26 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमाान के साथ फलौदी रात के समय सबसे गर्म रहां कोटा में दिन का पारा सबसे अधिक 39 डिग्री के पार रिकॉर्ड किया गयां विभाग ने बताया है कि आज और कल पश्चिमी विक्षोभ का सबसे ज्यादा असर रहेगां इस दौरान प्रदेशभर के कुछ भागों में गरज और तेज हवाओं के साथ आंधी चलने और बरसात होने की संभावना हैं इस बीच, नागौर में सुबह से हल्की बारिश का सिलसिला बना हुआ हैं

000